## अध्याय :- [2] उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धांत

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

प्रश्न क्र. : 1 कीमत अनुपात Px / Py का ढाल सूचित करता है -

[1]. बजट रेखा [2]. बजट समूह (सेट) [3]. कीमत रेखा [4]. (a) और (c) दोनों

प्रश्न क्र. : 2 सीमांत उपयोगिता हो सकती है -

[1]. धनात्मक [2]. ऋणात्मक [3]. शून्यात्मक [4]. उपर्युक्त सभी

प्रश्न क्र. : 3 सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम का आधार होता है -

[1]. मूल्य निर्धारण [2]. मांग का नियम [3]. उपभोक्ता की बचत का आधार [4]. उपर्युक्त सभी

प्रश्न क्र. : 4 यदि Y वस्तु की कीमत ऊंची हो जाने पर X वस्तु की कीमत भी ऊंची चली जाये तो दोनो वस्तुएं होती हैं -

[1]. स्थानापन्न [2]. असम्बद्ध [3]. पूरक [4]. प्रतिस्पर्धी

प्रश्न क्र. : 5 एक वस्तु की मांग DD' से dd' हो जाती है तो कहा जाएगा कि –

[1]. वस्तु की कीमत में गिरावट [2]. वस्तु की कीमत ऊंची हो जाना [3]. स्थानापन्न वस्तु ओं की कीमत ऊं [4]. पूरक वस्तुओं की कीमत ऊंची हो ज

प्रश्न क्र. : 6 निम्नलिखित में लोचदार मांग वाली वस्तु कौन सी है -

[1]. माचिस [2]. दवाईयां [3]. एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तक [4]. एयर कंडीशनर

प्रश्न क्र. : 7 यदि किसी वस्तु की मांग धनवान उपभोक्ता द्वारा की जाती है तो सामान्यत: इसकी मांग की लोच होती है -

[1]. कम लोचदार [2]. इकाई लोचवाली [3]. अधिक लोचदार [4]. पूर्णत: लोचदार

प्रश्न क्र. : 8 यदि MUy = 20; MUx = 60 कीमत y वस्तु की = 4 रू. तब x वस्तु का संतुलन मूल्य क्या होगा ?

[1]. 14 रू. [2]. 3 रू. [3]. 12 रू. [4]. 4 रू.

प्रश्न क्र. : 9 मूल्य तथा मांग में ..............................संबंध होता है।

प्रश्न क्र. : 10 उपयोगिता ह्रास नियम का प्रतिपादन ......................... ने किया।

प्रश्न क्र. : 11 घटिया वस्तुओं के संबंध में आय प्रभाव ...................... होता है।

प्रश्न क्र. : 12 यदि अन्य बाते समान रहे तो पेट्रोल की कीमत में कमी होने पर टायर की मांग में ......................... होती है।

प्रश्न क्र. : 13 ऊंची तटस्थता वक्र ............................ स्तर की संतुष्टि को दर्शाती है ।

प्रश्न क्र. : 14 किस स्तर के बाद सीमान्त उपयोगिता तथा कुल उपयोगिता घटने लगती है।

प्रश्न क्र. : 15 विलासिता की वस्तुओं की मांग की लोच किस प्रकार की होती है।

प्रश्न क्र. : 16 उत्पादन के साधनों की मांग किस प्रकार होती है।

प्रश्न क्र. : 17 उपभोक्ता को प्राप्त होने वाली उपयोगिता के अधिकतमीकरण का बिंदु क्या कहलाता है।

प्रश्न क्र. : 18 जब वस्तु आवश्यक होती है तो उस वस्तु की मांग की लोच कैसी होती है।

प्रश्न क्र. : 19

| | |
|---|---|
| मांग के नियम का आधार | बेलोचदार |
| निम्न कोटि की वस्तुए | शून्य नहीं हो सकती |
| अनिवार्य वस्तुओं की मांग | गिफिन वस्तुए |
| स्थिर लागत | एक दूसरे को नहीं काटते है |
| तटस्थता वक्र | उपयोगिता ह्रास नियम |

## ज्ञान परख प्रश्न (Knowledge Based Questions)

प्रश्न क्र. : 1 कुल उपयोगिता अधिकतम कब होती है?

प्रश्न क्र. : 2 उदासीनता वक्र नकारात्मक ढाल क्यों बनाते हैं?

प्रश्न क्र. : 3 मांग की बिन्दु लोच क्या है?

प्रश्न क्र. : 4 सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम के दो व्यावहारिक महत्व बताइए।

प्रश्न क्र. : 5 धनात्मक और ऋणात्मक उपयोगिता से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न क्र. : 6 बजट रेखा क्या हैं? यह दायीं और कब खिसकती है ?

प्रश्न क्र. : 7 उदासीनता मानचित्र क्या है?

प्रश्न क्र. : 8 पूर्णत: बेलोचदार मांग किसे कहते हैं?

प्रश्न क्र. : 9 मांग वक्र के नीचे जाने का क्याा कारण होता है?

प्रश्न क्र. : 10 जलवायु तथा मौसम का मांग पर क्या प्रभाव होता है?

## समझ परख प्रश्न (Application Based Questions)

प्रश्न क्र. : 1 मांग की लोच सदैव ऋणात्मक क्यों  होती है ? कारण दीजिए।

प्रश्न क्र. : 2 एक काल्पनिक बाजार मांग अनुसूची तथा तत्संबंधी रेखाचित्र बनाइये।

प्रश्न क्र. : 3 विभिन्न प्रकार की मांग की कीमत लोच का वर्णन कीजिए तथा रेखाचित्र की सहायता से उन्हें समझाइये।

प्रश्न क्र. : 4 यदि सीमांत प्रतिस्थापन दर (MRS) में वृद्धि हो रही है तो उदासीनता वक्र की आकृति कैसी होगी?

प्रश्न क्र. : 5 अनुसूची के साथ समझाइये कि कोई उपभोक्ता एक वस्तु को खरीदने पर संतुलन कब प्राप्त करेगा?

प्रश्न क्र. : 6 सम-सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम को एक व्यवााहारिक उदाहरण द्वारा समझाइए।

प्रश्न क्र. : 7 नमक तथा पानी की मांग लोचदार क्यों होती है ?

प्रश्न क्र. : 8 क्या एक ही मांग वक्र के  विभिन्न बिंदुओं पर मांग की लोच अलग-अलग हो सकती है ? यदि हां तो क्यों ?

प्रश्न क्र. : 9 निम्न दोनो दशाओं में सम-सीमांत उपयोगिता को समझाइये।

(a) जब दोनों वस्तुओं की कीमत समान हो

(b) जब दोनो वस्तुओं की कीमत अलग-अलग हो

प्रश्न क्र. : 10 एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं A और B का उपभोग कर संतुलन की अवस्था में है। आप यह दर्शाइए कि जब वस्तु B की कीमत गिरती है तो B की मांग बढ़ती है। उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से इस प्रश्न का उत्तर स्पष्ट कीजिए।